Regarding Airport at Adilabad

श्री गोडम नागेश **(आदिलाबाद) :** सभापति महोदय, मेरी मांग मेरे संसदीय क्षेत्र आदिलाबाद, तेलंगाना में हवाई अड्डे की स्वीकृति के लिए है । मेरे संसदीय क्षेत्र आदिलाबाद में बहुत वर्षों से यह मांग की जा रही है । हाल ही में, मंत्री महोदय ने एक बयान में भी कहा है कि आदिलाबाद एक स्ट्रैटजिक लोकेशन है । महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के लिए यह हवाई अड्डा बहुत आवश्यक है । उन्होंने अपने बयान में यह कहा है । एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी राज्य सरकार को प्री-फिजिबिलिटी स्टडी रिपोर्ट के बारे में कहा है, लेकिन अब तक हमारे राज्य तेलंगाना से फिजिबिलिटी रिपोर्ट नहीं आई है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह रिक्वेस्ट करता हूं कि तुरंत ही हमारे राज्य सरकार से फिजिबिलिटी रिपोर्ट मंगवा कर, जल्द से जल्द आदिलाबाद में हवाई अड्डे की स्वीकृति दें । धन्यवाद ।